न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, देसूरी जिला–पाली

पीठासीन अधिकारी– श्री विवेक व्यास (R.A.S.)
राजस्व विविध संख्या – 08/2023
तारीख दायरा :– 17.07.2023
प्रार्थी :–

मोहनलाल पुत्र कानाजी जाति–सीरवी चौधरी
निवासी– गुडा पृथ्वीराज, तहसील–देसूरी, जिला–पाली (राज.)

–: विरूद्ध :–

अप्रार्थी :–
राजस्थान सरकार, जरिये भूमिधारी तहसीलदार देसूरी जिला–पाली(राज.)

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956

उपस्थिति–
1– श्री रवि कुमार दवे अधिवक्ता – प्रार्थी की ओर से।
2– पैरोकार सरकार शंकरलाल नायब तहसीलदार।

–: आदेश :– **दिनांक– 27.03.2024**

प्रार्थना पत्र के संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि अधिवक्ता प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम के तहत प्रस्तुत कर निवदेन किया कि खुमाराम पुत्र कानाराम के स्थान पर मोहनलाल पुत्र कानाजी किया जाना है जिसकी दुरूस्ती किया जाना आवश्यक है। प्रार्थन पत्र के समर्थन में शपथ–पत्रत्र आधारकार्ड, पेनकार्ड, ग्राम पंचायत का जन्म प्रमाण–पत्र, पंजाब नेशनल बैंक का खाता विवरण की प्रति एवं ग्राम पंचायत कोटडी का एसपी–1 दिनांक 04.05.2023 का अनापत्ति प्रमाण–पत्र पेश किये जिसमें प्रार्थी का वास्तविक नाम मोहनलाल पुत्र कानाजी अंकित है।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र वकील प्रार्थी को सुना गया। प्रकरण में मामला नाम शुद्वि का है। जिसकी दुरूस्ती की जाना आवश्यक प्रतीत होता है। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया। पैरोकार सरकार तहसीलदार देसूरी भूमिधारी को नोटीस जारी किया। पैरोकार सरकार को सुना गया। प्रकरण में मामला नाम शुद्वि का है जिसकी दुरूस्ती की जाना आवश्यक प्रतीत होता है।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। अवलोकन से प्रतीत होता है कि ग्राम गुडा पृथ्वीराज पटवार हल्का कोटडी में स्थित खातेदारी कृषि भूमि खसरा नम्बर 428, 435, 437 रकबा 3.45 हेक्टर में प्रार्थी का 1/6 हिस्सा आता है। उक्त खातेदारी भूमि में

पेज लगातार 02 पर....

सहायक कलेक्टर
(एस.डी.ओ.) देसूरी (पाली)

Scanned with OKEN Scanner

प्रार्थी का नाम खुमाराम पुत्र कानाराम दर्ज है। जिसे मोहनलाल पुत्र कानाराम दर्ज किया जाना है। ग्राम पंचायत कोटडी द्वारा दिये गये अनापत्ति प्रमाण–पत्र दिनांक 04.05.2023 में भी यह बताया है कि खुमाराम व मोहनलाल दोनों एक ही व्यक्ति है। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है एवं ग्राम गुडा पृथ्वीराज के खसरा नम्बर 428, 435, 437 रकबा 3.45 हेक्टर में प्रार्थी खुमाराम पुत्र कानाराम का 1/6 हिस्सा आता है। उक्त आराजी में प्रार्थी का नाम खुमाराम पुत्र कानाराम की जगह दुरूस्ती की जाकर मोहनलाल पुत्र कानाराम जाति सीरवी चौधरी निवासी गुडा पृथ्वीराज दर्ज करने के आदेश दिये जाते है। तहसीलदार देसूरी /पटवारी हल्का कोटडी तद्नुसार नाम दुरूरस्ती कर राजस्व रेकर्ड में अमलदरामद करें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

(विवेक व्यास)
सहायक कलक्टर
(एस.डी.ओ.) देसूरी (पाली)

आदेश आज दिनांक 27.03.2024 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर सरे इजलास में सुनाया गया।

सहायक कलक्टर
देसूरी

सहायक कलेक्टर
(एस.डी.ओ.) देसूरी (पाली)